web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

SJU Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 23 फरवरी 2025 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 146

## इजऱाइल से जल संरक्षण को लेकर रुडी और इजरायली राजदूत के बीच हुई बैठक : जल प्रबंधन और पुनर्चक्रण तकनीकों पर चर्चा

- इजऱाइल 90प्रतिशत अपशिष्ट जल के पुन: उपयोग में विश्व अग्रणी है।
- ड्रिप सिंचाई, ओस से सिंचाई और शुष्क क्षेत्रों में जल उपयोग पर विचार-विमर्श हुआ।
- समिति इन तकनीकों का अध्ययन कर उनकी उपयोगिता का मूल्यांकन करेगी।
- इजऱाइली राजदूत ने तकनीकी सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई।
- यह अध्ययन भारत में जल संरक्षण और प्रबंधन के नए अवसरों को खोलेगा।
- सारण प्रमंडल के लिए 4 हजार करोड़ की सिंचाई और 2 हजार करोड़ का बाढ़ प्रबंधन योजना तैयार।
- सारण जिला भारत का पहला आधुनिक तकनीक से लैस बाढ़ और सिंचाई प्रबंधन मॉडल बनेगा।

**नई दिल्ली** । आरएनएस

जल संसाधन संबंधी संसद की स्थायी समिति के अध्यक्ष एवं सांसद राजीव प्रताप रुडी ने भारत में इजऱाइल के राजदूत रियुवेन अजार से एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक का उद्देश्य जल संसाधन प्रबंधन और पुनर्चक्रण के क्षेत्र में इजऱाइल की उन्नत तकनीकों का अध्ययन करना था, जिससे भारत में जल संरक्षण और प्रबंधन से संबंधित संभावनाओं का आकलन किया जा सके।बैठक के दौरान, इजऱाइल में जल पुनर्चक्रण, ड्रिप सिंचाई, ओस से सिंचाई, तथा शुष्क क्षेत्रों में जल उपयोग की नवीनतम प्रौद्योगिकियों पर चर्चा हुई। इजऱाइल जल पुनर्चक्रण में वैश्विक अग्रणी है और वहां लगभग 90त्न अपशिष्ट जल का पुन: उपयोग किया जाता है। यह प्रणाली जल सुरक्षा



बढ़ाने और कृषि उत्पादकता सुधारने में सहायक सिद्ध हुई है। इस दौरान श्री रुडी ने उन्हें बताया कि बिहार के सारण प्रमंडल के लिए 4000 करोड़ रुपए की सिंचाई और 2000 करोड़ रुपए के बाढ़ प्रबंधन योजना, कुल 6 हजार करोड़ की योजना तैयार की जा चुकी है, जो आधुनिक तकनीक से लैस होगी। इस पहल के तहत सारण जिला भारत का पहला बाढ़ और सिंचाई प्रबंधन मॉडल बनेगा। बैठक के दौरान इजऱाइली राजदूत ने बिहार, विशेष रूप से छपरा आने की इच्छा व्यक्त की। जल संसाधन संबंधी संसद की स्थायी समिति के अध्यक्ष श्री राजीव प्रताप रुडी ने प्रधानमंत्री किसान सिंचाई योजना, पेयजल, स्वच्छता और कृषि सिंचाई से जुड़ी विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की।

राजीव प्रताप रुडी ने बताया कि जल संसाधन समिति इन आधुनिक तकनीकों और जल प्रबंधन मॉडल का अध्ययन कर उनकी उपयोगिता का मूल्यांकन करेगी। इस अध्ययन का उद्देश्य यह समझना होगा कि इन तकनीकों को भारतीय परिप्रेक्ष्य में किस प्रकार लागू किया जा सकता है। समिति इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर सरकार को प्रस्तुत करेगी, ताकि भविष्य में नीति निर्माण में इसका उपयोग किया जा सके।

इजऱाइली राजदूत ने इस दिशा में सहयोग जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की और दोनों देशों के बीच तकनीकी जानकारी साझा करने पर सहमति बनी। समिति द्वारा किए जा रहे इस अध्ययन से भारत में जल संरक्षण की दिशा में नई संभावनाओं को बल मिलेगा।

## अंतर्राष्ट्रीय

### डोनाल्ड ट्रंप की धमकी, 'भारत हो या चीन... किसी को भी नहीं छोड़ेंगे, सभी पर लगाएंगे टैरिफ

**वाशिंगटन** । अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका जल्द ही भारत, चीन और अन्य देशों पर रिसिप्रोकल टैरिफ लगाने की योजना बना रहा है। ट्रंप का कहना है कि अमेरिका उन देशों द्वारा अमेरिकी वस्तुओं पर लगाए गए शुल्क के बराबर शुल्क लगाएगा, जिससे निष्पक्षता बनी रहे। हाल ही में पीएम मोदी की अमेरिका दौरे के दौरान व्यापार, रक्षा और टैरिफ से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई थी। ट्रंप ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हम जल्द ही रिसिप्रोकल टैरिफ का एलान करेंगे। वे हम पर जो शुल्क लगाते हैं, हम भी उन्हीं पर शुल्क लगाएंगे। उन्होंने आगे बताया कि कोविड-19 महामारी से पूर्व भी इस कदम को उठाने की इच्छा रही थी। पीएम मोदी के साथ वाशिंगटन में द्विपक्षीय बैठक से पहले, ट्रंप ने भारत की टैरिफ नीति पर कड़ी टिपण्णी की। उनके अनुसार, भारत में अत्यधिक टैरिफ के कारण व्यापार करना बेहद चुनौतीपूर्ण हो गया है, जिस कारण कई बार उन्होंने भारत को टैरिफ किंग का भी उपनाम दिया है। एक अन्य प्रेस कॉन्फ्रेंस में टेस्ला के सीईओ एलन मस्क के साथ पीएम मोदी की मुलाकात पर टिप्पणी करते हुए ट्रंप ने कहा कि हालाँकि भारतीय बाजार में व्यापार के अवसर मौजूद हैं, लेकिन भारी टैरिफ की वजह से अमेरिकी कंपनियों को विदेश में विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने पर मजबूर होना पड़ता है।

### चीन से बढ़ते खतरों के बीच ताइवान अपनी रक्षा के लिए प्रतिबद्ध : उपराष्ट्रपति

**ताइपे** । ताइवान की राजधानी ताइपे में हैलिफैक्स इंटरनेशनल सिक्योरिटी फोरम 2025 के समापन समारोह में उपराष्ट्रपति ह्सियाओ बि-खिम ने कहा कि ताइवान अपनी आत्मरक्षा के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने अपने सहयोगियों और समान विचारधारा वाले देशों से वैश्विक शांति और समृद्धि बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए ताइवान बहुत महत्वपूर्ण है। शुक्रवार को अपने भाषण में ह्सियाओ ने ताइवान के हवाई क्षेत्र में चीन की लगातार घुसपैठ और ताइवान पर हो रहे साइबर हमलों का जिक्र किया। ताइवान के प्रमुख समाचार पत्र ताइपे टाइम्स के अनुसार, उन्होंने कहा कि ताइवान ने चीनी कम्युनिस्ट पार्टी और उसकी सेना से होने वाले खतरों का सामना करने के लिए एक खास तरीका अपनाया है। गुरुवार को राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने 2025 हैलीफ़ैक्स ताइपे फ़ोरम के उद्घाटन में हिस्सा लिया। अपने भाषण में राष्ट्रपति लाई ने हैलीफ़ैक्स इंटरनेशनल सिक्योरिटी फ़ोरम का ताइवान के लिए मजबूत समर्थन देने और इस फ़ोरम को आयोजित करने के लिए उत्तरी अमेरिका के बाहर पहले स्थान के रूप में ताइवान को चुनने के लिए धन्यवाद किया। राष्ट्रपति लाई ने यह बताते हुए कि ताइवान एक जटिल वैश्विक स्थिति का सामना कर रहा है, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से कार्रवाई करने की अपील की। उन्होंने कहा, ताइवान प्रथम द्वीप श्रृंखला पर एक महत्वपूर्ण स्थान पर है और सीधे एक सत्तावादी खतरे का सामना कर रहा है। लेकिन हम डरेंगे नहीं। हम मजबूत रहेंगे, अपनी राष्ट्रीय स्वतंत्रता की रक्षा करेंगे, अपनी स्वतंत्र और लोकतांत्रिक जीवनशैली को बनाए रखेंगे, और ताइवान जलडमरूमध्य में शांति और स्थिरता बनाए रखेंगे।

### हमास ने दो बंधकों को किया रिहा, इजरायल 602 कैदियों को करेगा आजाद

**यरूशलम** । फिलिस्तीनी ग्रुप हमास ने शनिवार को गाजा युद्धविराम समझौते के तहत दो बंधकों - ताल शोहम और एवेरा मेंगिस्टू को रेड क्रॉस को सौंप दिया। आईडीएफ ने दोनों के इजरायल पहुंचने की पुष्टि कर दी है। हमास की ओर से जारी किए गए एक वीडियो में शोहम और मेंगिस्टू को राफा में हमास के वाहनों से बाहर निकलते हुए दिखाया गया। दोनों स्पष्ट रूप से कमजोर दिखाई दे रहे हैं। आईडीएफ ने एक्स पर पोस्ट किया, 3,812 दिनों के बाद एवेरा और 504 दिनों के बाद ताल घर आ गए। चार और इजरायली बंधकों को भी 22 फरवरी को ही रिहा किया जाना है। इजरायल आज 602 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करने जा रहा है। बता दें इजरायल और हमास के बीच युद्ध विराम समझौते का पहला चरण 19 जनवरी को लागू हुआ था।

## मेरठ में 168 साल पुरानी मस्जिद को प्रशासन ने किया ध्वस्त, बताया सहमति से हटाया गया

**मेरठ** । आरएनएस

मेरठ में 168 साल पुरानी एक ऐतिहासिक मस्जिद को प्रशासन ने आधी रात को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। यह मस्जिद दिल्ली रोड पर सर्विस लेन पर स्थित थी और मेट्रो तथा रैपिड रेल कॉरिडोर के बीच में आ रही थी।

बता दें कि दो दिन पहले इस मस्जिद का बिजली कनेक्शन काट दिया गया था। इसके बाद मुस्लिम पक्ष ने स्वयं मस्जिद को हटाने का प्रयास किया और हथौड़े चलाकर कुछ हिस्सों को तोड़ा। इसके बाद शुक्रवार की देर रात प्रशासन ने बुलडोजर लगाकर पूरी मस्जिद को गिरा दिया और तुरंत मलबा भी हटा दिया गया। इसके बाद मेट्रो के काम के लिए जगह हो गई।

यह मस्जिद दिल्ली रोड पर जगदीश मंडप के पास स्थित थी और लंबे समय से वहां मौजूद थी। प्रशासन का कहना है कि निर्माण कार्य में बाधा बनने के कारण इसे हटाने का निर्णय लिया गया। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि वे इसके बदले नई जगह पर मस्जिद और उचित मुआवजा चाहते थे, लेकिन बिना उनकी मांग पूरी किए इसे हटा दिया गया।

घटनास्थल पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल की भारी तैनाती के बीच बुलडोजर से मस्जिद को गिराया गया। मस्जिद ध्वस्त किए जाने की खबर के बाद इलाके में माहौल तनावपूर्ण हो गया, लेकिन पुलिस और प्रशासन हालात पर नजर बनाए हुए हैं। इस मामले में प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई सहमति के आधार पर हुई है और इसके पीछे कोई अन्य कारण नहीं है। दूसरी ओर, मुस्लिम पक्ष ने प्रशासन से नई मस्जिद के लिए जगह देने और मुआवजा देने की मांग दोहराई है।

## भारत में पेट्रोल-डीजल होगा सस्ता, केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने दिया ये बड़ा संकेत

**नई दिल्ली** । आरएनएस

देश में लंबे समय से लोगों की चली आ रही पेट्रोल-डीजल और गैस की कीमतों में कमी करने की मांग जल्द पूरी हो सकती है। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्रकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि आने वाले समय में इन ईंधनों की कीमतों में कमी हो सकती है। उन्होंने बताया कि अमेरिका समेत अन्य देशों में तेल का उत्पादन बढाने की योजना बनाई जा रही है, जिससे वैश्विक बाजार में ईंधन की कीमतें घट सकती हैं और महंगाई पर भी काबू पाया जा सकता है।




मंत्री पुरी का कहना है कि अमेरिका में तेल उत्पादन बढाने के लिए पहले ही कदम उठाए जा चुके हैं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना था ड्रिल, बेबी, ड्रिल यानी ज्यादा तेल निकालने का काम किया जाएगा। अब भी अमेरिका का उद्देश्य है कि अंतरराष्ट्रीय तेल की कीमतों को घटाया जाए। उन्होंने बताया कि जब तेल और गैस का उत्पादन बढ़ेगा, तो इससे बाजार में तेल की आपूर्ति भी बढ़ेगी और कीमतों में कमी आ सकती है। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि भारत का प्रमुख लक्ष्य यही है कि कम कीमतों पर पर्याप्त तेल की खरीदारी की जाए ताकि देश की अर्थव्यवस्था पर बोझ कम किया जा सके।

पुरी ने यह भी स्पष्ट किया कि तेल की खरीदारी में डॉलर का इस्तेमाल खत्म करने का कभी कोई उद्देश्य नहीं था। उन्होंने कहा कि ज्यादातर व्यापार डॉलर में होता है और यह भविष्य में भी ऐसा ही रहेगा। इसके साथ ही उन्होंने भरोसा जताया कि भारत ने अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के साथ संपर्क स्थापित किया है, और दोनों देशों के बीच ऊर्जा के क्षेत्र में संबंध और मजबूत होंगे। पुरी ने कहा कि भारत अब 40 देशों से तेल आयात करता है। जिनमें अर्जेंटीना भी शामिल है। चूंकि अब दुनिया में तेल की पर्याप्त आपूर्ति है, तेल उत्पादक देशों को अपने उत्पादन को लेकर पुनर्विचार करना पड़ेगा, जिससे वैश्विक बाजार में तेल की कीमतों में और कमी आ सकती है।

## महाकुंभ को लेकर अफवाह फैलाने वाले सोशल मीडिया अकाउंट पर यूपी पुलिस का एक्शन

**प्रयागराज** । आरएनएस

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित भव्य महाकुंभ में देश-विदेश से श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। यहां राज्य सरकार और मेला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं के लिए उचित व्यवस्था की गई है। लेकिन, कुछ लोग सोशल मीडिया पर चंद व्यूज पाने के लिए अफवाह फैला रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ यूपी पुलिस ने एक्शन लेना शुरू कर दिया है।



यूपी पुलिस के अनुसार, प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ से संबंधित भ्रामक पोस्ट करने वाले 11 मामलों में कुल 137 विभिन्न सोशल मीडिया अकाउंट के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

बता दें कि उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा निरंतर सोशल मीडिया की सघन मॉनिटरिंग की जा रही है। सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के दौरान यह प्रकाश में आया है कि बीते एक माह के भीतर कुछ तत्वों द्वारा महाकुंभ के खिलाफ भ्रामक नैरेटिव तैयार करने की साजिश की जा रही है और प्रयास किया जा रहा है कि कैसे उत्तर प्रदेश सरकार की छवि को धूमिल किया जाए।

ऐसे सोशल मीडिया अकाउंट को चिह्नित करके उनके विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करने की कार्रवाई निरंतर की जा रही है। इसी कड़ी में सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के दौरान 21 फरवरी को यह संज्ञान में आया कि कुछ सोशल मीडिया अकाउंट से पाकिस्तान के वीडियो को भ्रामक रूप से महाकुंभ का बताकर यह अफवाह फैलाई जा रही है कि महाकुंभ जाने वाली बस नाले में गिर गई, जिसमें 10 बच्चे और एक आदमी की मौत हो गई।

इस वीडियो को लेकर यूपी पुलिस ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया। पोस्ट में लिखा, पाकिस्तान में हुई दुर्घटना के वीडियो को भ्रामक रूप से महाकुंभ प्रयागराज का बताकर अफवाह फैलाने वाले विभिन्न सोशल मीडिया अकाउंट के विरुद्ध कुंभ मेला पुलिस द्वारा एफआईआर पंजीकृत करके वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। कृपया तथ्यों को सत्यापित किए बिना सोशल मीडिया पर कोई भ्रामक पोस्ट न करें।

पाकिस्तान से संबंधित इस वीडियो को सोशल मीडिया पर पोस्ट करने को लेकर 36 सोशल मीडिया अकाउंट के विरुद्ध कोतवाली कुंभ मेला पुलिस में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है।

बता दें कि महाकुंभ को लेकर भ्रामक वीडियो, फोटो, सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर नैरेटिव एवं दुष्प्रचार करने के संबंध में 11 मामलों में कुल 137 विभिन्न सोशल मीडिया अकाउंट के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

## फिर सताने लगा डर! चीन में मिला कोरोना जैसा नया वायरस, जानवर से इंसान में फैलने का खतरा

**नई दिल्ली** । आरएनएस

चीन में कोरोना की तरह एक और नया वायरस मिला है। इसके जानवर से इंसान में फैलने का खतरा है। यह नया वायरस चीन के वुहान लैब में मिला है। कोरोना ने जो तबाही मचाई थी, उसे भला कौन भूल सकता है। इस वायरस के मिलने से वहां एक बार फिर से हडक़ंप मच गया है और लोगों को फिर वही डर सताने लगा है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन के वुहान इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी के रिसर्चर्स ने इस नए वायरस की खोज की है। यह वायरस मानव स्वास्थ्य के लिए एक नए खतरे का संकेत है।

शोधकर्ताओं के मुताबिक, यह वायरस उन्हीं रिसेप्टर के जरिए सेल यानी कोशिकाओं में एंट्री करता है, जैसे कोरोना वायरस करता है। यह वायरस मनुष्यों और अन्य स्तनधारियों के शरीर में पाए जाने वाले प्रोटीन से जुडक़र कोशिकाओं को संक्रमित करता है। इस नए वायरस को मिडिल ईस्ट रेस्पिरेटरी सिंड्रोम यानी रूश्वक्रस् नाम से भी जाना जाता है।

रिपोर्ट के मुताबिक, 2012 से मई 2024 तक लगभग 2600 लोगों में रूश्वक्रस् वायरस की पुष्टि की गई है। इस वायरस ने जिन लोगों को संक्रमित किया, उन में से 36 फीसदी लोगों की मौत हो गई। विश्व स्वास्थ्य संगठन की वेबसाइट के मुताबिक, इसके अधिकतर मामले सऊदी अरब में पाए गए हैं।

वुहान वायरस रिसर्च सेंटर चमगादड़ों में पाए जाने वाले कोरोना वायरस पर अपने काम के लिए जाना जाता है। कोरोना वायरस भी चीन के वुहान लैब से ही लीक हुआ था। इसके बाद इसने पूरी दुनिया में तबाही मचाई थी।

## सीएम रेखा गुप्ता ने पीएम मोदी से की मुलाकात, दिल्ली की बेटी को जिम्मेदारी सौंपने का जताया आभार

**नई दिल्ली** । आरएनएस

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की, जबकि उनके कैबिनेट मंत्रियों ने सडक़ पर उतरकर गड्ढों वाली सडक़ों की मरम्मत और शहर भर में लंबित परियोजनाओं को परखा।

दिल्ली की सत्ता संभालने के बाद रेखा गुप्ता की पीएम मोदी से पहली मुलाकात है। इस दौरान इन दोनों नेताओं ने दिल्ली के विकास पर चर्चा की।

उनके एक सहयोगी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के दौरान, सीएम गुप्ता ने दिल्ली की बेटी को लोगों की सेवा करने का मौका देने के लिए धन्यवाद दिया।

पीएम के आवास के लिए रवाना होने से पहले, सीएम गुप्ता ने सुबह शालीमार बाग में अपने घर की पहली मंजिल की बालकनी से अपने शुभचिंतकों का अभिवादन किया।

सीएम गुप्ता ने घोषणा की कि पीएम मोदी से मिल कर वो शहर की सभी महिलाओं और बेटियों की ओर से शहर की सेवा के लिए दिल्ली की बेटी को चुनने के लिए आभार व्यक्त करेंगी।

जय श्री राम और भारत माता की जय के नारों के साथ उन्होंने संबोधन समाप्त किया।

बाद में, मुख्यमंत्री ने बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की और दिल्ली में खोदी गई सडक़ों, क्षतिग्रस्त सडक़ों और यातायात संबंधित मुद्दों पर चर्चा की और सुधार के निर्देश दिए।

पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने बारापुला चरण-3 परियोजना का निरीक्षण किया। दक्षिण पूर्वी दिल्ली में सराय काले खां के पास पत्रकारों से बात करते हुए वर्मा ने कहा कि उन्होंने दिल्ली की सडक़ों पर अतिक्रमण हटाने के लिए सख्त निर्देश भी जारी किए हैं।

## बीबीसी इंडिया पर ईडी ने लगाया 3 करोड़ से ज्यादा का जुर्माना, तीनों डायरेक्टर भी फंसे; जानें क्या है मामला

**नई दिल्ली** । आरएनएस

विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन मामले में ईडी ने बीबीसी पर 3,44,48,850 रुपये की पेनाल्टी लगाई है। इसके साथ ही उस समय कंपनी के आपरेशंस को देख रहे तीनों निदेशकों पर अलग-अलग 1,14,82,950 रुपये की पेनाल्टी लगाई है।

बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया पर डिजिटल मीडिया में 26 प्रतिशत विदेशी निवेश की सीमा का नियम लगाने के बाद भी 100 प्रतिशत विदेशी निवेश जारी रखने का आरोप है। ईडी की ओर से 21 फरवरी को जारी आदेश के अनुसार, बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया पर पेनाल्टी नहीं जमा करने की स्थिति में प्रतिदिन पांच हजार रुपये के जुर्माने का प्रवधान है। यह जुर्माने की राशि 15 अक्टूबर, 2021 से ली जाएगी।




दरअसल, डिपार्टमेंट आफ प्रमोशन आफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड ने 18 सितंबर, 2019 को प्रेस नोट जारी कर डिजिटल मीडिया में विदेशी निवेश की सीमा 26 प्रतिशत निर्धारित किए जाने की जानकारी दी थी। इसी प्रेस नोट में कंपनियों को नए नियम के मुताबिक विदेशी निवेश को 26 प्रतिशत तक लाने के लिए 15 अक्टूबर, 2021 तक का समय दिया गया था। लेकिन बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया के निदेशकों ने जानबूझकर इस समयसीमा का उल्लंघन किया और 100 प्रतिशत विदेशी निवेश जारी रखा।

ईडी के आदेश के अनुसार, अब बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया को 15 अक्टूबर, 2021 के बाद पेनाल्टी की पूरी रकम 3.44 करोड़ रुपये जमा करने के दिन तक प्रतिदिन पांच हजार रुपये के हिसाब से जुर्माना भी देना होगा। बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया के तत्कालीन तीनों निदेशकों गिल्स एंटनी हंट, इंदु शेखर सिन्हा और पाल मिशेल गिबन्स को विदेशी निवेश के नए नियम का जानबूझकर पालन नहीं करने का दोषी पाया गया है।